सप्तदश बिहार विधान सभा

दशम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–01 सोमवार, दिनांक–06 नवम्बर, 2023 ई०।

माननीय अध्यक्ष, श्री अवध बिहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वाह्न तक

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :–

यथा संलग्न।

[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :–

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के दशम सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है:–

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री विजय शंकर दूबे
(iv) श्री भूदेव चौधरी
(v) श्रीमती ज्योति देवी

[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के दशम सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया गया है:–

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा – सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री – सदस्य
(iii) श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा – सदस्य
(iv) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री – सदस्य
(v) श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग – सदस्य
(vi) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग – सदस्य
(vii) श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल सदस्य
(viii) श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स० – सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(ii) श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स०
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स०

(iv) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

[4] <u>आसन की घोषणा</u> :–

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सभा की बैठक की समाप्ति के उपरान्त कार्यमंत्रणा समिति की बैठक उनके कार्यालय कक्ष में होगी। साथ ही समिति के सभी सदस्यों से इस बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :–

माननीय मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार विधान सभा के समक्ष राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित "बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2023" की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

[6] <u>अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना</u>:–

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्नलिखित विधेयकों की एक विवरणी सभा पटल पर रखी गयी, जिसमें महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी और इसकी सूचना सप्तदश बिहार विधान सभा के नवम सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई:–

<u>महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण</u>

क्रमांक	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार ईख (आपूर्ति एवं खरीद का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2022	1.08.2023
	महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण	
(i)	बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023	19.07.2023
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या–3) विधेयक, 2023	21.07.2023

[7] <u>वित्तीय कार्य</u> :–

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया।

[8] <u>शोक प्रकाश</u> :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई:–

(i) स्व० विनोद कुमार चौधरी, पूर्व स०वि०प०
(ii) स्व० महेन्द्र नारायण झा आजाद, पूर्व स०वि०स०
(iii) स्व० विजय कुमार यादव, पूर्व सदस्य, लोक सभा एवं पूर्व स०वि०स०
(iv) स्व० परवीन अमानुल्लाह, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० अनन्त कुमार सत्यार्थी, पूर्व स०वि०स०
(vi) स्व० राजीव नन्दन, पूर्व स०वि०स०
(vii) स्व० अर्जुन मंडल, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० रामधनी सिंह, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स०वि०प०
(ix) स्व० विभूति कवि, पूर्व स०वि०प०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 07 नवम्बर, 2023 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–06.11.2023

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।